आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05 मार्च 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ और सामान्य बजट पर विधानसभा में दिया जवाब, महाकुंभ से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को साढ़े तीन लाख करोड़ का लाभ मिलने का जताया अनुमान, कहा–देश की जीडीपी में दूसरे स्थान पर है उत्तर प्रदेश।
- केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के बजट को सराहा, कहा–सामाजिक न्याय के साथ साथ आर्थिक न्याय को गति देने वाला है उत्तर प्रदेश का बजट।
- दुबई में हुए चौम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया, पूरे प्रदेश में जश्न का माहौल, मुख्यमंत्री ने फाइनल मैच के लिए दीं अग्रिम शुभकामनाएं।
- जर्मनी की राजधानी बर्लिन में कल से शुरू हुए अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन मेले में आकर्षण का केंद्र बना उत्तर प्रदेश।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वित्तीय वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस के सामान्य बजट पर चर्चा में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ पर विपक्ष के आरोपों पर कहा कि महाकुंभ का आयोजन सरकार के लिए अग्नि परीक्षा थी। उन्होंने कहा कि 45 दिनों के आयोजन ने भारत की विरासत और विकास की एक अनुपम छाप न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में छोड़ी है। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को साढ़े तीन लाख करोड़ का लाभ मिलने का अनुमान है।

मुख्यमंत्री ने बजट पर जवाब देते हुए कहा कि नीति आयोग द्वारा राज्यों की राजकोषीय स्थिति के सम्बन्ध में प्रकाशित रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को फ्रण्ट रनर की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि देश की जीडीपी में नौ दशमलव दो प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश, देश में दूसरे स्थान पर है।

***इन आठ वर्षों में हम लोग प्रदेश की जीएसडीपी को दो हजार चार सौ पच्चीस का जो वित्तीय वर्ष चल रहा है मार्च दो हजार पच्चीस तक बारह दशमलव सात पांच करोड़ रूपये से बढ़ाकर सत्ताईस दशमलव सात एक लाख करोड़ यानी दोगुने से ज्यादा पहुंचाने में हम लोग इसको सफल हो रहे हैं। देश की जीडीपी में आज के दिन पर उत्तर प्रदेश का जो हिस्सेदारी पहले सातवें स्थान पर थी, आज वह नंबर दो पर आ गई है। देश के अंदर जीडीपी की जो वृद्धि दर है वह नौ पॉइंट छः प्रतिशत है जबकि उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर तेईस चौबीस में अगर देखें तो ग्यारह दशमलव छह प्रतिशत है।***

मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की बुलेटिन के अनुसार बैंक और वित्तीय संस्थानों को प्रोजेक्ट फाइनेंसिंग करने के लिए फंड आकर्षित करने में सोलह दशमलव दो फीसदी की दर से प्रदेश, पूरे देश में शीर्ष स्थान पर है। विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चार सौ लाख टन सब्जी का उत्पादन करके उत्तर प्रदेश देश में एक नंबर पर है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे अधिक आयुष्मान भारत गोल्डेन कार्ड देने वाला राज्य है।

***प्रदेश सबसे अधिक आयुष्मान भारत का गोल्डेन कार्ड देने वाला राज्य है। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पिछले आठ वर्ष में लगभग साठ हजार से अधिक जरूरतमंद लोगों को बारह सौ पंद्रह करोड़ रुपये की धनराशि बिना भेदभाव के उनके एकाउंट में गई है। कोई सदस्य जिसने भी पत्र लिखा, उसके लिए पैसा बिना किसी सिफारिश के उसके खाते में पहुंच गया।***

इससे पूर्व सामान्य बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने महाकुंभ में अव्यवस्था और बिजली निजीकरण जैसे मुद्दों को उठाया। विधान परिषद में कल जातिवार जनगणना न कराये जाने के मुद्दे पर विपक्ष ने सदन से वॉक आउट किया। नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि सरकार और पार्टी जातिगत जनगणना के खिलाफ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत सरकार का विषय है।

**********

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कल लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन में हिस्सा लिया। अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लाए गए बजट की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अधिकारिता मंत्रालय को केन्द्र सरकार द्वारा एक अच्छी राशि आवंटित की गई है। श्री अठावले ने कहा कि राज्य का बजट विकास को गति देने वाला है।

***दो हजार पच्चीस छब्बीस का जो बजट हमारा उत्तर प्रदेश का है। वित्त मंत्री हमारे सुरेश कुमार खन्ना जी ने जो उत्तर प्रदेश का बजट पेश किया है। विकास परियोजनाओं के लिए बीस पर्सेंट का बजट है। शिक्षा के लिए थर्टीन पर्सेंट बजट है। सामाजिक न्याय के साथ साथ आर्थिक न्याय देने वाले उत्तर प्रदेश का बजट है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में गोरखपुर और बस्ती मंडल के एक जनपद एक उत्पाद–ओडीओपी के दो हजार एक सौ लाभार्थियों को टूल किट वितरित करेंगे। साथ ही वह मुख्यमंत्री युवा योजना के कुछ लाभार्थियों को ब्याजमुक्त ऋण का चेक भी सौंपेंगे।

हमारे प्रतिनिधि ने बताया है कि दोनों मंडलों के दो हजार पांच सौ लाभार्थी युवाओं का मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत चयन किया गया है। उन्हें एक सौ पचीस करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाना है। संयुक्त आयुक्त उद्योग एचपी सिंह के अनुसार सीएम युवा योजना के तहत अकेले गोरखपुर मंडल में एक हजार सात सौ लाभार्थियों का चयन किया गया है। इन्हें उद्यम लगाने के लिए पचासी करोड़ रुपये की ऋण धनराशि दी जाएगी। वहीं, बस्ती मंडल में इस योजना के तहत आठ सौ चयनित लाभार्थियों को चालीस करोड़ रुपये की ऋण धनराशि दी जाएगी।

**********

दुबई में कल हुए चौम्पियंस ट्रॉफी दो हजार पचीस के सेमीफाइनल मुकाबले में जीत दर्ज कर भारत फाइनल में पहुंच गया है। भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया। आस्ट्रेलिया की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए दो सौ चौंसठ रन बनाए। जवाब में भारत की टीम ने उन्चासवें ओवर में ही छह विकेट पर जीत के लक्ष्य को हासिल कर लिया। भारतीय टीम की विजय पर कल प्रदेश के कई जिलों में क्रिकेट प्रेमियों ने जश्न मनाया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस जीत पर एक सोशल मीडिया संदेश के जरिये बधाई दी है। उन्होंने एक सौ चालीस करोड़ भारत वासियों को हर्षित और गर्वित करने वाली भारतीय क्रिकेट टीम को फाइनल मुकाबले के लिये अग्रिम शुभकामनाएं भी दी हैं।

**********

जर्मनी की राजधानी बर्लिन में कल से शुरू हुए अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन मेले में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से राज्य के पर्यटन आकर्षणों और क्षमताओं को विश्व समुदाय के समक्ष प्रदर्शित किया जा रहा है। प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस मेले में अयोध्या, काशी, मथुरा, झांसी, प्रयागराज, ललितपुर और प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व के साथ–साथ लखनऊ की प्रसिद्ध चिकनकारी सहित अन्य पर्यटन आकर्षणों को दर्शाया गया है। मेला कल तक चलेगा।

**********

लखनऊ के डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आज एक दिवसीय रैंकिंग उन्नयन कार्यशाला–दो हजार पचीस का आयोजन होगा। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की अध्यक्षता में हो रहे इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर समस्त राज्य विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता में आवश्यक सुधार और राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एनआईआरएफ फ्रेमिंग, क्यू एस एशिया रैंकिंग तथा क्यू एस वर्ल्ड रैंकिंग जैसे मुद्दों पर मंथन होगा।

**********

केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने प्रदेश के मुगलसराय जिले में पूर्व मध्य रेलवे की एक विभागीय परीक्षा में पेपर लीक का खुलासा किया है, साथ ही एजेंसी ने रेलवे के एक वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता सहित छब्बीस रेल अधिकारियों को कल गिरफ्तार कर लिया। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में प्रमोशन में रिश्वत लेने के आरोपी भी शामिल हैं।

**********

महाकुम्भ मेले में संचालित सेंट्रल हॉस्पिटल में इस्तेमाल किए गए चिकित्सा उपकरणों और सुविधाओं को प्रदेश भर के मरीजों के इलाज के लिये उपयोग में लाया जाएगा। प्रयागराज के सहायक निदेशक स्वास्थ्य डॉ राकेश शर्मा ने बताया कि मेला समाप्त होने के बाद अब वहां के बेड सहित तमाम उपकरणों को प्रदेश के अन्य जिलों तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

***महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज के परेड ग्राउंड में 100 बेड का हाईटेक सेंट्रल हॉस्पिटल स्थापित किया गया, जिसमें अत्याधुनिक आईसीयू, डेंटल, आर्थोपेडिक, स्त्री एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की सेवाएं यहां आने वाले श्रद्धालुओं को उपलब्ध थीं। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि महाकुम्भ मेले के दौरान 100 बेड के सेंट्रल हॉस्पिटल के अलावा 25 बेड के दो सब–सेंट्रल हॉस्पिटल, 20–20 बेड के आठ सेक्टर हॉस्पिटल और 20 बेड के दो संक्रामक रोग अस्पताल भी स्थापित किए गए। इनके साथ ही 10 फर्स्ट एडपोस्ट भी संचालित हुए। अब इन सुविधाओं का लाभ प्रदेश के बाकी जिले ले सकेंगे। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

**********

पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत मॉडल की शुरूआत करेगा। यह पहल मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस दो हजार पचीस समारोह का एक हिस्सा है।

**********